FYBA
Hindi-L-II
(Sem I)

**QP Code : 762902**

3pm to 6pm
18/11/16

(३ घंटे)

[कुल अंक :१०० (03 pages)

**सूचना :** १) सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उप प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए ।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए । २०

(अ) "मुझको बहुत उन्होने माना,
फिर भी क्या पूरा पहचाना ?
मैने मुख्य उसी को जाना
जो वे मन में लाते ।
सखि, वे मुझसे कहकर जाते ।"

**अथवा**

"मैं नहीं चाहता चिर-सुख
चाहता नहीं अविरत दु:ख
सुख-दुख की आँख-मिचौनी
बोले जीवन अपना मुख ।।"

(आ) "दुनिया की सर्दी-गर्मी का अभी उसे कुछ पता नहीं अभी तो उसकी आँखो में वही हरम का बाग झूल रहा है, नन्दन कानन, जहाँ आमे की बौर से लदी हुई बेसुध अमराइयों में बारहोमास कोयल बोलती है । देखने वालो की आँखे जुड़ती है।"

**अथवा**

"गेन्दे के फूल भी क्या कमाल पैदा करते है। असली फूल मालाएँ तो गेन्दे के फूलों की ही बनती है ।"

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- २६

(इ) 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'जो बीत गई सो बात गई' कविता के मूल स्वर को स्पष्ट कीजिए ।

(ई) 'अपनी पत्नी की इच्छा लाला झाऊलाल ने किस प्रकार पूरी की ?

**अथवा**

'ठण्ड आजादी: समाजवाद' रचना का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए ।

३. निम्नलिखित में से किसी एक सामान्य प्रश्न का उत्तर लिखिए :- १४

'गीत-अगीत' कविता का भाव -सौन्दर्य अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

श्री लाल शुक्ल ने मनुष्य की किस प्रवृत्ती पर व्यंग्य किया है? अंगद का पाँव निबन्ध को केन्द्र-बिन्दु में रखते हुए उत्तर लिखिए ।

[ TURN OVER

MUPD16594 VPM594 11/18/2016 1:17:54 PM

४. टिप्पणियाँ लिखिए । १०

(उ) 'कालिदास से' कविता का उद्देश्य

अथवा

'मुनासिब कारवाई' कविता का भाव -सौन्दर्य

(ऊ) 'शहजादी रोशनआरा'का चरित्र-चित्रण

अथवा

आदमी और मच्छर की लड़ाई

५. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए । १०

(ए) सिद्धि हेतु स्वामी गए यह किसके लिए गौरव की बात है ?

(ऐ) तन किस प्रकार रह गया है ?

(ओ) छायावाद के सुकुमार कवि कौन थे ?

(औ) तट पर कौन सोचता है ?

(अं) जीवन का सितारा कैसा था ?

(अः) ठठेरी बाजार में किसका मकान था ?

(क) तम्बू किस वस्तु का बना था ?

(ख) हमारे यहाँ पूँजीवाद से पहले क्या आ गया है ?

(ग) प्लेट फार्म पर अच्छी खासी क्या थी ?

(घ) 'सुदामा के चावल' व्यंग्य के लेखक का नाम लिखिए ।

६. (च) अपने मित्र की सफलता पर बधाई पत्र का नमूना तैयार कीजिए । १०

**अथवा**

आपके घर में आनेवाले गन्दे और बदबूदार पानी की शिकायत करते हुए महानगर पालिका के स्वास्थ्य-विभाग को शिकायत पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए ।

(छ) कोष्टक की सूचनानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । १०

(ज) वाक्य परिवर्तन किजिए (किन्हीं दो)

(झ) बालक रो-रोकर चुप हो गया । (संयुक्तवाक्य)

(ट) रोगी ने ज्योंही दवी पी उसे उल्टी हो गई । (साधारण वाक्य)

(ठ) सुषमा बीमार है और वह स्कूल नहीं गई । (मिश्र वाक्य)

(ड) लता गृहकार्य नहीं कर रही है । (विधी वाक्य)

(ढ) वाक्य शुध्दिकरण कीजिए । (किन्ही दो)

(ण) उन्होनें धोका दिया ।

(त) वार्षिक परिक्षा मार्च में होगी ।

MUPD16594 VPM594 11/18/2016 1:18:01 PM

(थ) नगर में शांती है ।

(द) महंगाई बढ़ रही है ।

**(ध)** काल परिवर्तन किजिए - (किन्ही दो)

(न) हवा बहती है । (अपूर्ण वर्तमान काल)

(प) शिल्पा खेल रही थी । (पूर्ण भूतकाल)

(फ) मैं कल जाऊँगी । (संभाव्य भविष्यत् काल)

(ब) विदेश मंत्री अमेरिका गये । (अपूर्ण भूतकाल)

**(भ)** निम्न शब्दों की वर्तनी शुध्द कीजिए । (किन्ही दो)

(म) महाविध्यालय (य) गाधी

(र) रिषि (ल) आइना

**(व)** मुहावरों और कहावतों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (किन्ही दो)

(श) आसमान सिर पर उठाना

(ष) लकीर का फकीर होना

(स) नाच न आवें - ऑगन टेढ़ा

(ह) जिसकी लाठी उसकी भैस ।

..............................

..............................

MUPD16594 VPM594 11/18/2016 1:18:04 PM MUPD16594 VPM594 11/18/2016 1:18:04 PM MUPD16594 VPM594 11/18/2016 1:18:04 PM

**QP Code : 786700**

(3 घंटे) **[ कुल अंक:**100

1. निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- 24

(1) "तुम शहरी हो न ! तुम आवारा लोगों का देहात में क्या काम ?चोरी-चकारी करने आये हो। भाग जाओ नहीं तो काट कर दो टुकड़े कर देंगे और कुत्ते को खिला देंगे।"

**अथवा**

"होटल से निकलते समय उसे कितनी बार हिदायतें दी गयी। वह चुपचाप सुन रही थी। जिसे आज तक रसोई में घुसने न दिया गया हो, उसे कल भोजन बनाना है- मक्के की रोटी और साग..."

(2). "तुम्हारी कहानियों में 'सिडीशन' भरा हुआ था। अपने भाग्य को बखानो कि अंग्रेजी अमलदारी में हो । मुगलों का राज्य होता, तो तुम्हारे दोनों हाथ काट लिये जाते। तुम्हारी कहानियाँ एकांगी हैं, तुमने अंग्रेजी सरकार की तौहीन की है, आदि।"

**अथवा**

"जब प्रोफेसर को दस मिनट की देर होती है तो उसके विद्यार्थी को दस घण्टे की देर होती है। जब विद्यार्थी को दस घण्टे की देरी होती है तो समाज को दस महीने की देर होती है, तब देश दस वर्ष पीछे चला जाता है।"

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- **30**

(1) 'सुखमय जीवन' कहानी के माध्यम से बाबू जयदेवशरण वर्मा का चरित्र-चित्रण कीजिए।

अथवा

हिन्दू मंदिर बनवाने में कौन-कौन सी बाधाएँ आती है? 'सपना' कहानी के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

(2) पक्षियों की प्रेम कहानी मानवी जीवन से कैसे समानता रखती है ? 'नीलकंठ: मोर' रेखाचित्र के माध्यम से चित्रित कीजिए।

अथवा

'कर कमल हो गये' रचना के माध्यम से समारोह, अतिथि एवं उद्घाटक को लेकर कथित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए:- **15**

(१) श्रीविलास-मनहरनाथ की मित्रता और होली का परस्पर क्या रिश्ता था ? स्पष्ट कीजिए।

MD16594 VPM594 11/23/2016 1:33:16 PM

अथवा

'कुरीति तोडो परिवार नहीं' पत्र के माध्यम से दहेज कानून को विस्तार से लिखिए।

4. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए। **16**

(1) जूते कहानी की बहू।

अथवा

'निर्वासित' कहानी का राजेन।

(2) प्रेमचंद की लंबी बीमारी।

अथवा

महात्मा गांधी का समय नियोजन।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **15**

(1) 'सुखमय जीवन' कहानी में बाइसिकिल को क्या नाम दिया गया है?

(2) पंडित श्रीविलास को उनके मित्र क्या कह कर पुकारते थे ?

(3) 'सच बोलने की भूल' कहानी में लेखक क्या देखने गये थे ?

(4) जूते कहानी में बच्चे के जूते किस रंग के थे ?

(5) जंगल कहानी में किसकी मृत्यु होती है ?

(6) 'साहब फिर कब आएँगे माँ !' कहानी में वर्णित होटल का नाम लिखिए।

(7) हिन्दू मंदिर समिति के सचिव कौन थे ?

(8) 'निर्वासित' कहानी की लेखिका का नाम लिखिए।

(9) 'मेरा जीवन' किसका आत्मवृत्त है ?

(10) महादेवी वर्मा की बिल्ली का नाम लिखिए।

(11) रेडियो का हिन्दी नाम क्या है ?

(12) नया कमल किसे देख कर खिलता है ?

(13) रामकुमार वर्मा किसके व्यक्तित्व से प्रभावित थे ?

(14) रामकुमार वर्मा ने गांधी जी को कौन सी पुस्तक भेंट की ?

(15) अर्चना वर्मा ने किसे पत्र लिखा ?

..........................

MUPD16594 VPM594 11/23/2016 1:33:22 PM